संपादकीय

# डॉलर की विडंबना

डॉलर की यह विश्व मुद्रा के रूप में भूमिका अचानक खत्म हुई, तो अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए उसका बेहद हानिकारक असर होगा। दरअसल, इसका प्रभाव लगभग पूरी दुनिया पर होगा। इसके बावजूद हालात ऐसे हैं कि डॉलर का वर्चस्व खत्म होने की चर्चा खुल कर हो रही है।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिकी मुद्रा डॉलर का मूल्य चढ़ रहा है। इसके बावजूद कारोबार जगत में ये धारणा आम है कि यूक्रेन पर हमले के बाद रूस के धन को पश्चिमी देशों ने जिस तरह जब्त किया, उससे अमेरिकी मुद्रा डॉलर की साख को गहरा नुकसान पहुंचा है। गौरतलब है कि अभी पांच साल पहले तक इक्के-दुक्के लोग ही यह कहते थे कि वित्तीय जगत में डॉलर का वर्चस्व घट रहा है। लेकिन अब गोल्डमैन सैक्श और क्रेडिट सुइसे जैसी एजेंसियों की रिपोर्ट में भी ये बात कही जाने लगी है। कुछ अमेरिकी अर्थशास्त्री अब इस पर चर्चा करने लगे हैं कि डॉलर का दबदबा खत्म होने का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा। पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि अभी डॉलर के वर्चस्व में परोक्ष रूप से क्षय हो रहा है। लेकिन यह उस स्थिति की पृष्ठभूमि है, जब ऐसा अधिक खुले रूप में होने लगेगा। साफ है कि डॉलर के बिना कारोबार चलाने की मुहिम का नेतृत्व फिलहाल रूस कर रहा है। इसकी तैयारी उसने कई वर्ष पहले शुरू की थी। लेकिन 2021 में इसमें काफी तेजी लाई गई।

जनवरी 2021 की तुलना में इस साल जनवरी तक वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में डॉलर का हिस्सा 21 प्रतिशत घटा चुका था। इसी अवधि में वह अपने भंडार में चीनी मुद्रा मुद्रा युवान का हिस्सा 13 से बढ़ा कर 17 प्रतिशत तक ले गया। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि दुनिया में निर्यात के हिसाब से अमेरिका की ताकत पहले ही काफी घट चुकी है। अब इसमें उसका हिस्सा सिर्फ आठ प्रतिशत बचा है। जबकि चीन का हिस्सा 15 फीसदी हो गया है। अमेरिकी सरकार पर कर्ज के बढ़ते बोझ और वहां मुद्रास्फीति की ऊंची दर ने भी चिंताएं बढ़ाई हैं। तो अब यह चेतावनी दी जा रही है कि अब डॉलर में अपना धन ना रखने का चलन तेज गति से आगे बढ़ सकता है। ये सच है कि दुनिया उस मुकाम पर है, जहां विभिन्न देशों का काम बिना डॉलर रखे चल सकता है। भारत और रूस के बीच रुपया-रुबल में कारोबार की फिर हो रही शुरुआत इस बात की मिसाल है। बहरहाल, यह तय है कि डॉलर की यह विश्व मुद्रा के रूप में भूमिका अचानक खत्म हुई, तो अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए उसका बेहद हानिकारक असर होगा।

# हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 31 टीमें आपस में भिड़ेंगी



**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के नवल टाटा हॉकी अकादमी में शुरू होने वाली दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2022 में कुल 31 टीमें शीर्ष सम्मान के लिए आपस में मुकाबला करेंगी। आठ दिनों के पूल मैच के बाद 28 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल, 30 अप्रैल को सेमीफाइनल और एक मई को चैंपियनशिप का खिताबी मैच खेला जाएगा।

भाग लेने वाली टीमों में पूल ए में मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी, आरवी एकेडमी ऑफ हॉकी और मुंबई स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन शामिल हैं, जबकि पूल बी में राजा करण हॉकी अकादमी, तमिलनाडु हॉकी अकादमी, रिपब्लिकन स्पोर्ट्स क्लब और स्मार्ट हॉकी अकादमी, रायपुर शामिल हैं।

पूल सी में नामधारी इलेवन, घुमानहेरा रिसर अकादमी, जय भारत हॉकी अकादमी और सेल हॉकी अकादमी है। इस बीच, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी, ओलंपियन विवेक सिंह हॉकी अकादमी, ध्यानचंद हॉकी अकादमी और एचएआर हॉकी अकादमी को पूल डी में रखा गया है।

एसजीपीसी हॉकी अकादमी, एचआईएम अकादमी, माता साहिब कौर हॉकी अकादमी जारखर-लुधियाना और गंगपुर स्पोर्ट्स अकादमी को पूल ई में रखा गया है, जबकि पूल एफ में सैल्यूट हॉकी अकादमी, मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी, सिटीजन हॉकी इलेवन और चीमा हॉकी अकादमी शामिल हैं।

एसएआई-अकादमी, हुबली हॉकी अकादमी, मालवा हॉकी अकादमी हनुमानगढ़ और आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी को पूल जी में शामिल किया गया है, जबकि पूल एच में नौसेना टाटा हॉकी अकादमी-जमशेदपुर, वाडीपट्टी राजा हॉकी अकादमी, भाई बहलो हॉकी अकादमी अमरावती और बरार हॉकी अकादमी शामिल हैं।

मुख्य कोच समीर डैड ने कहा, हम खिताब की रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम एक संतुलित टीम के साथ जा रहे हैं, कुछ खिलाड़ी नए हैं, जबकि कुछ खिलाड़ी पहले ही पिछले साल यह चैम्पियनशिप खेल चुके हैं। हम पूरी तरह से तैयार हैं, लेकिन बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि हम उस दिन कैसे खेलते हैं। उम्मीद है कि मेरे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और बस खेल का आनंद लेंगे।

पिछले साल इस टूर्नामेंट में उपविजेता टीम राजा करण हॉकी अकादमी के मुख्य कोच गगन कुमार ने कहा, हमने लगभग डेढ़ महीने तक प्रशिक्षण लिया है और टीम वास्तव में अच्छी तरह से आकार ले रही है। पिछले सीजन में हम दूसरे स्थान पर रहे। हम अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आश्वस्त हैं। उम्मीद है, हम इस साल भी फाइनल में जगह बनाएंगे।

# ऑरेंज कैप की रेस में डु प्लेसी ने लगाई लंबी छलांग, बटलर अब भी टॉप पर बरकरार



**मुंबई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के 31वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 96 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी की बदौलत डु प्लेसी ने अब आईपीएल 2022 ऑरेंज कैप की रेस में लंबी छलांग लगा दी है। डु प्लेसी के 7 मैचों से 250 रन हो गए हैं और वह इस सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। राजस्थान रॉयल्स के ओपनर जॉस बटलर 6 मैचों में 375 रनों के साथ टॉप पर बने हुए हैं और ऑरेंज कैप उन्हीं के पास बरकरार है। बटलर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में इस सीजन का अपना दूसरा शतक लगाया था। बैंगलोर के खिलाफ 30 रनों की पारी खेलने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल एक स्थान की सुधार के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। राहुल के 7 मैचों से 265 रन हो गए हैं। उनके अलावा कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर 7 मैचों में 236 रनों के साथ दूसरे से चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। वहीं, हार्दिक पांड्या भी पांच मैचों में 228 रनों के साथ एक स्थान के नुकसान के साथ पांचवें नंबर पर लुढक़ गए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दुबे छह मैचों में 226 रनों के साथ छठे और पंजाब किंग्स के लियाम लिविंगस्टन छह मैचों में 224 रनों के साथ सातवें पायदान पर है। उनके अलावा राजस्थान रॉयल्स के शिमरन हेटमायर छह मैचों में 223 रनों के साथ आठवें और लखनऊ सुपर जायंट्स के विकेटकीपर बल्लेबाज चं्टिन डिकॉक 7 मैचों में 215 रनों के साथ नौवें नंबर पर है। आरसीबी के दिनेश कार्तिक सात मैचों में 210 रनों के साथ टॉप-10 में हैं।

## पीएफसी को मिला ग्रीन एनर्जी एफिशिएंसी अवॉर्ड

**नई दिल्ली ।** पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) को यहां मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन के दौरान एलेट्स नवाचार अवॉर्ड के तहत नव्यकरणीय ऊर्जा वित्तीय संस्थान के रूप में ग्रीन एनर्जी एफिशिएंसी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। एलेट्स के इस समारोह में वस्त्र मंत्रालय के सचिव यू.पी सिंह ने पीएफसी के निदेशक (परियोजना) राजीव रंजन झा को यह पुरस्कार दिया। समारोह का आयोजन आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के अनुरूप नव्यकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में योगदान को सम्मानित करने के लिए किया गया था।

विज्ञप्ति में कहा गया कि पीएफसी अपने ज्ञान, क्षमता और नवाचार का उपयोग कर एक सशक्त, विविध एवं आत्मनिर्भर देश के निर्माण में योगदान देने के लिए तत्पर है तथा हरित ऊर्जा वित्तीय क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। एलेट्स आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह के दौरान भारत सरकार एवं राज्य सरकारों से मुख्यअधिकारी, नीति निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज इकट्ठा हुए और उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के मद्देनजऱ, मुख्य मुद्दो, चुनौतियों और बदलाव के अवसरों पर चर्चा की।

## मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 8.2 % किया



**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 8.2 प्रतिशत कर दिया है, इससे पहले इस बहुपक्षीय वित्तीय संस्था ने इसके 09 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। आईएमएफ ने ताजा वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का भारत में निजी उपभोग और निवेश की मांग पर असर पड़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी में किए गए पिछले अनुमानों के बाद से वैश्विक आर्थिक संभावनाएं खराब हुयी हैं।

रिपोर्ट में जापान की आर्थिक वृद्धि दर के ताजा अनुमान में जनवरी के अनुमानों की तुलना में 0.9 प्रतिशत और भारत की 0.8 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह एशिया के इन दोनों प्रमुख देशों में घरेलू मांग में कमजोरी को दर्शाता है। आईएमएफ का कहना है कि तेल की कीमतें ऊंची होने से निजी उपभोग और निवेश प्रभावित हो सकता है और शुद्ध निर्यात में भी कमी हो सकती है। आईएमएफ ने छह माह के अंदर दूसरी बार वैश्विक आर्थिक दर के अनुमान को घटाया है। उसके ताजा अनुमान के अनुसार 2022 में विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि 3.6 प्रतिशत रहेगी।

आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जिएवा ने कहा, यूक्रेन की लड़ाई एक भयावह मानव त्रासदी से बढक़र है। इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा दबाव है और यह आर्थिक दशा में सुधार की प्रक्रिया के लिए गंभीर क्षति है। आईएमएफ ने कहा है कि उभरती और विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले ज्यादातर देश इस लड़ाई तथा कोविड-19 महामारी के दुष्परिणामों का सामना कर रहे हैं।

# शानदार जीत के साथ दूसरे नंबर पर पहुंची बैंगलोर, लखनऊ नीचे खिसका



**मुंबई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में 31वां मुकाबला खेला गया। इसके मुकाबले के बाद दो टीमें 10-10 अंकों के साथ जबकि तीन अन्य टीमें 8-8 अंकों के साथ आईपीएल 2022 की प्वॉइंट टेबल में टॉप-5 में बनी हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद प्वॉइंट टेबल में बदलाव देखने को मिला है। लखनऊ को 18 रन से हराने के बाद बैंगलोर प्वाइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस के बाद दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। आरसीबी और गुजरात के 10-10 अंक है, मगर बेहतर रन रेट होने की वजह से गुजरात बैंगलोर से आगे है। लखनऊ की टीम सात मैचों में चार जीत के साथ आठ अंक लेकर चौथे स्थान पर खिसक गई है। राजस्थान रॉयल्स ने छलांग लगाते हुए तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। राजस्थान के छह मैचों में चार जीत और दो हार के बाद आठ अंक है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भी छह मैचों में चार जीत और दो हार के बाद आठ अंक लेकर पांचवें नंबर पर बनी हुई है। दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स लगातार तीन मैच हारने के बाद सात मैचों में तीन जीत और चार हार के साथ छह अंक लेकर छठे नंबर पर है। इसके अलावा पंजाब किंग्स छह मैचों में तीन जीत और इतने ही हार के बाद छह अंक लेकर सातवें स्थान पर मौजूद है। अपनी टीम में कोरोना की मार झेल रही दिल्ली कैपिटल्स पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के बाद चार अंक लेकर आठवें पायदान पर बरकरार है। चार की बार की चैंपियन चेन्नई सुपर और पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का तो सबसे ज्यादा बुरा हाल है। चेन्नई छह मैचों में एक जीत और पांच हार के साथ दो अंक लेकर नौवें जबकि मुंबई लगातार छह हार के बाद सबसे नीचे 10वें नंबर पर है।

## इंडियन ऑयल ने डिलीवरी मैन प्रशिक्षण के लिए किया कार्यक्रम का आयोजन




**नई दिल्ली ।** इंडियन ऑयल ने अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यवहार कौशल और सिलेंडर की डिलीवरी से पहले की जांच (पीडीसी) के बारे में 100 से अधिक डिलीवरी मैन को प्रशिक्षित किया। कंपनी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण का उद्देश्य सेवा और सुरक्षा में सुधार तथा ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाना है।

कंपनी ने कहा कि एलपीजी डिलीवरी मैन के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन ऑयल के दिल्ली राज्य कार्यालय के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख श्याम बोहरा ने मुख्य महाप्रबंधक (एलपीजी) आलोक कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर उन्होंने डिलीवरी मैन को उनके प्रदर्शन और योगदान के लिए सम्मानित भी किया।

श्री बोहरा ने कहा कि डिलीवरी से पहले की जांच रसोई को सुरक्षित बनाती है। डिलीवरी मैन एलपीजी ग्राहकों के साथ पहला संपर्क सूत्र है, इसलिए डिलीवरीमैन के व्यवहार और तकनीकी कौशल में सुधार करने पर हमारा ध्यान केंद्रित है, क्योंकि यह सुरक्षा के साथ बेहतर और कुशल सेवाएं देने में मदद करता है।

उन्होंने डिलीवरी मैन के योगदान को सराहते हुए कहा कि डिलीवरी मैन हमारे अग्रिम पंक्ति के योद्धा हैं और उन्होंने महामारी के दौरान एलपीजी से भरे सिलेंडरों की डिलीवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जब भी ग्राहक संतुष्टि की बात आती है तो सुरक्षा और ग्राहक सेवा सबसे महत्वपूर्ण है और इसके लिए उन्होंने प्रतिभागियों से सुरक्षा पर अपना अत्याधिक ध्यान देने का आह्वान किया।

## अनिल कपूर और हर्षवर्धन कपूर की थार 6 मई को नेटफ्लिक्स पर आएगी



दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर ने बॉलीवुड में बड़ा नाम कमाया है। उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। वह पिछले कुछ समय से अपने बेटे और अभिनेता हर्षवर्धन कपूर को इंडस्ट्री में स्थापित करने में लगे हैं। इस बाप-बेटे की जोड़ी नेटफ्लिक्स की आगामी फिल्म थार में नजर आएगी। अब मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है। थार 6 मई को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी।

अनिल ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, इस बंजर जमीन के छुपे सारे राज हो जाएंगे जल्द कानून के हाथ बेनकाब! 6 मई को आने वाली थार के रहस्य को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखिए। शेयर किए गए पोस्टर में अनिल और हर्षवर्धन का लुक काफी इंटेंस नजर आ रहा है। फिल्म को बाप-बेटे की जोड़ी ने ही प्रोड्यूस किया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए अनिल ने कहा, हमने थार के साथ जो हासिल किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और कई कारणों से फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। स्क्रीन पर हम हर्षवर्धन और फातिमा सना शेख की फ्रेश जोड़ी को देख पाएंगे। एक अभिनेता और एक निर्माता के रूप में मैंने हमेशा नए कंटेंट के साथ आगे बढऩे और यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया है।

## सन ऑफ सरदार 2 बनाएंगे अजय देवगन, जल्द शुरू होगी शूटिंग



साल 2012 में बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार रिलीज हुई थी। फिल्म को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। साल 2019 में खबर आई थी कि फिल्म के डायरेक्टर अश्विनी धीर इसका दूसरा पार्ट सन ऑफ सरदार 2 बनाने पर काम कर रहे हैं। लेकिन कोरोना महामारी के कारण ऐसा नहीं हो पाया है। लेकिन अब खबर आ रही है कि फिल्म के दूसरे पार्ट पर जल्द काम शुरू होने वाला है। अजय देवगन ने फिल्म के दूसरे पार्ट के लिए आगे बढऩे का फैसला किया है।

फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो रहा है। अजय देवगन ने फिल्म को लेकर सोचना शुरू कर दिया है।

## बर्थडे पार्टी लिए बेस्ट है 'मशरूम स्पैगिटी'



बर्थडे पार्टी में बच्चों को कुछ हेल्दी और मज़ेदार खिलाना चाहती हैं तो बनाएं मशरूम स्पैगिटी, जो स्योर उन्हें बेहद पसंद आएगी और वो मन भर कर खाएंगे इसे।

**सामग्री :**

150 ग्राम स्पैगिटी नूडल्स, 3-4 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल, 10 लहसुन की कलियां बारीक कटी हुई, 1 कप बटन मशरूम, नमक स्वादानुसार, 1 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, 1 टेबलस्पून ऑरगेनो, 1 टीस्पून रेड चिली फ्लेक्स, 1 कप कद्दूकस किया पार्मेज़ान चीज़, कुछ बेसिल की पत्तियां

**विधि :**

- एक बर्तन में पानी में नमक डालकर स्पैगिटी नूडल्स को उबालें, जब यह पक जाए तो इसको छान लें।

- अब इसमें ऑलिव ऑयल डालकर अच्छी तरह नूडल्स को प्लेट में फैलाकर रख दें।

- एक पैन में ऑलिव ऑयल डालें। इसमें लहसुन डालकर सॉते करें।

- इसमें मशरूम को काटकर सॉते करें। फिर इसमें नमक, काली मिर्च पाउडर, ऑरगेनो और चिली फ्लेक्स डालकर 3-4 मिनट तक चलाएं।

- अब इसमें नूडल्स डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब पार्मेजन चीज़ डालें।

- एक बार चलाएं और बेसिल से गार्निश कर तुरंत सर्व करें।

**कुकिंग टिप्स-** नूडल्स को ज्यादा न पकाएं, वरना ये चिपक जाएंगे। अगर नूडल्स 3/4 तक पका होगा तभी अच्छा बनेगा।


## शब्द सामर्थ्य- 48

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू-दोकू- 48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

आज का राशिफल

मेष राशि:आज का दिन पहले से बहुत बेहतर रहेगा। ऑफिस में रुके काम में किसी सहकर्मी से मदद मिलेगी। जिससे कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। मन में नया बिजनेस करने का विचार आयेगा। छात्रों के लिए आज का दिन नई सौगात लेकर आया है, कम मेहनत में अच्छा परिणाम मिलेगा। लेकिन मेहनत अभी जरी रखने की जरूरत है। दाम्पत्य जीवन में मिठास बनी रहेगी। लवमेट्स आज अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे।

वृष राशिटआज का दिन बिजनेस में अच्छा फायदा होने वाला है। साथ ही आज आपके बिजनेस की गति में बढ़ोतरी भी होगी। इस राशि के छात्रों को कालेज में किसी विषय पर प्रोजेक्ट करने के लिए मिलेगा जिससे कम्पलीट करने के लिए अन्हें अपने भाई की मदद मिलेगी। सोने चांदी के बिजनेस वाले लोगों को अच्छा धन लाभ होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों की तरफ से आज आपको कोई गर्व करने का वजह मिलेगा।

मिथुन राशि:आज आप रिश्तों के प्रति भवना से परिपूर्ण रहोगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की योजना बनायेंगे। इस राशि के आर्किटेक्ट क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज ऑफिस में किसी पुरानी गलती के कारण काम दूबारा करना पड़ेगा। वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं। लोहे का कारोबार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अधिक धन लाभ दिलाने वाला होगा। छात्रों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। लवमेट्स एक दूसरे पर भरोसा बनाये रखें रिश्ते में मजबूती आएगी।

कर्क राशि:आज मेहनत से किए हुए सारे कार्य पूरे होंगे। बिजनेस के मामले में थोड़ी-सी सावधानी बरते। आपके पार्टनर आपसे किसी जरूरी दस्तावेज पर साइन करवाने आज आपके घर आयेंगे। जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें, जिससे वह कार्य दूबारा करना पड़े। कैश के लेन-देन में आज आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है।आप कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदना चाहते हैं, खरीद सकते हैं। लवमेट अपने से नई ड्रेस मिलने से आज आपका मन प्रसन्न रहेगा।

सिंह राशि:आज आपका मन लेखन कार्यों में रहेगा, किसी पुरानी कविता के लिए आपको कॉलेज में पुरस्कार भी मिलेगा। आपको परिवार और दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा। पैसों के लेन-देन के मामले में सावधानी बरते, किसी अनजान पर भरोसा करने से भी बचना चाहिए। किसी काम में जितनी कोशिश करेंगे उतनी ही सफलता आपको मिलेगी। आज पिता आपको कोई सीख देंगे, जो आपके भविष्य में काम आ आएगी। आप ऑफिस का कार्य समय से पूरा करने में सफल होंगे। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी देंगे।

कन्या राशि:आज का दिन आपका खुशनुमा रहेगा। बिजनेस के मामले में आपके खास दोस्त आपको मदद मिलेगी। इस राशि के नौकरी कर रहे लोगों का ट्रांसफर ऐसी जगह होगा, जहां उनको आने-जाने में थोड़ा आराम मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा आज मजबूत होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन पढ़ाई में मन